# प्रेस नोट - थाना तिलहर

## जनपद शाहजहाँपुर

**दिनांक – 11.09.2026**

**थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 05 अभियुक्तों को मय चोरी की 05 मोटर साइकिलों सहित किया गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा वाहन चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में, श्रीमान क्षेत्राधिकारी तिलहर महोदय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के कुशल नेतृत्व में थाना तिलहर पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण**

दिनांक 07.09.2026 को वादी द्वारा थाना तिलहर पर दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 480/2026 धारा 303(2) बीएनएस बाबत अज्ञात अभियुक्त द्वारा मो0 कुवंरगंज कस्बा व थाना तिलहर से वादी की 01 मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेण्डर प्लस चोरी होने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया था। अभियोग की विवेचना के क्रम में मुखबिर की सूचना के आधार पर आज दिनांक 11.09.2026 को सरयू पुलिया सर्विस रोड के पास से चोरी की उक्त 01 मोटरसाइकिल सहित 03 अभियुक्तों 1. अर्श उर्फ भूरा 2. कुनाल वर्मा 3. जगजीत सिंह उर्फ जग्गा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ एवं अभियुक्तों की निशानदेही के आधार पर बक्शी तिराहा स्थित रजा आटो सर्विस से 02 अन्य अभियुक्तों फैजान उर्फ मुन्ना एवं अमन को गिरफ्तार किया गया। उक्त दुकान की तलाशी में अभियुक्तों की निशानदेही पर 04 अन्य मोटरसाइकिलें एवं 01 अदद घिसी हुई चेसिस बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया गया कि वे आपस में मिलकर तिलहर क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करते थे तथा चोरी की मोटरसाइकिलों के इंजन एवं चेसिस नम्बर घिसकर/बदलकर उनकी पहचान छिपाते हुए मोटरसाइकिल एवं उनके पार्ट्स को सस्ते दामों पर बेच देते थे। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2)/318(4)/336/338 बीएनएस की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण**

1. अर्श उर्फ भूरा पुत्र अच्छन ,उम्र 20 वर्ष, नि0मो0 बहादुरगंज, जंगल वाली मस्जिद के पास, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. कुनाल वर्मा पुत्र रंजीत वर्मा,उम्र 19 वर्ष, नि0मो0 घेरचौबा, कस्बा व थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
3. जगजीत सिंह उर्फ जग्गा पुत्र प्रगट सिंह, उम्र 26 वर्ष, नि0मो0 पचासा, कस्बा व थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
4. फैजान उर्फ मुन्ना पुत्र असलम, उम्र 25 वर्ष, नि0ग्रा0 शेरगढ़, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
5. अमन पुत्र सब्बन, उम्र 26 वर्ष, नि0मो0 पक्का कटरा, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण**

मु0अ0सं0 480/2026 धारा 303(2)/317(2)/318(4)/336/338 बीएनएस, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त अर्श उर्फ भूरा, कुनाल वर्मा, जगजीत सिंह उर्फ जग्गा, फैजान उर्फ मुन्ना एवं अमन**

1. मु0अ0सं0 – 451/26 धारा 303(2)/317(2)/318(4)/336/338 बीएनएस, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0सं0 – 481/26 धारा 303(2)/317(2)/318(4)/336/338 बीएनएस, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
3. मु0अ0सं0 – 483/26 धारा 303(2)/317(2)/318(4)/336/338 बीएनएस, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
4. मु0अ0सं0 – 480/26 धारा 303(2)/317(2)/318(4)/336/338 बीएनएस, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी का विवरण**

1. 05 अदद मोटर साइकिल हीरो स्प्लेण्डर प्लस ।
2. 01 अदद चेसिस।

**अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण**

उ0नि0 रमेश कुमार वर्मा, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
उ0नि0 नेपाल सिंह, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
उ0नि0 देवेश कुमार, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
का0 अनिल कुमार, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
का0 अक्षय कुमार, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
का0 तुषान्त चौधरी, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
का0 सतीश कुमार (चालक), थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।